# मास्टर प्लान 2031 का मसौदा जल्द होगा तैयार

## बोर्ड बैठक के निर्णय के बाद आपत्ति और सुझाव पर भी सुनवाई पूरी, नियोजन विभाग इस मामले में रख रहा नजर

● जीडीए वीसी आरके सिंह ने सभी पहलुओं पर ध्यान रखकर बनाया मास्टर प्लान ड्राफ्ट




**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जल्दी ही मास्टर प्लान 2031 फाइनल होने जा रहा है। हाल ही में मास्टर प्लान को बोर्ड बैठक में पेश किया गया था। बोर्ड बैठक में हुए निर्णय के बाद आपत्ति और सुझाव मांगे गए थे। इन पर भी सुनवाई पूरी हो चुकी है। अब माना जा रहा है कि मास्टर प्लान का ड्राफ्ट फाइनल करने के साथ प्रस्ताव फिर से जीडीए बोर्ड बैठक में पेश होने की संभावना है।

मास्टर प्लान 2031 तैयार करने के लिए जीडीए लंबे समय से लगा हुआ है। यूपी सरकार का नियोजन विभाग भी इस पर बारीकी से नजर रखे हुए है। मास्टर प्लान में कोई चूक नहीं रहे इसके लिए जीडीए वीसी आरके सिंह भी फोकस कर रहे है। यहीं कारण है कि हाल ही में एक बार फिर से मास्टर प्लान के ड्राफ्ट फाइनल करने से पहले आपत्ति और सुझाव मांगे गए थे।

जीडीए वीसी आरके सिंह ने काफी सावधानी के साथ आपत्तियों पर सुनवाई कराने का कार्य भी पूरा करा लिया है। मास्टर प्लान को लेकर बनी कमेटी अब आपत्तियों के आधार पर मास्टर प्लान ड्राफ्ट में समायोजन कर रही है। माना जा रहा हैकि जल्दी ही आपत्तियों के समायोजन का प्लान स्टेट लेवल कमेटी के पास जाएगा। वहां जांच में अगर ठीक पाया गया तो उम्मीद है कि जल्द होने वाली बोर्ड की बैठक में नया मास्टर प्लान ड्राफ्ट पेश होगा।

### स्वच्छता संदेश रैली

गाजियाबाद नगर निगम तथा जनप्रतिनिधिगण मिलकर स्वच्छता के लिए महाअभियान चला रहे हैं। स्वच्छता संदेश के लिए वार्ड संख्या 9 की पार्षद शीतल चौधरी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने निगम का सहयोग करते हुए रैली निकाली। नगर आयुक्त एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी मिथिलेश के नेतृत्व में शहर में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता अभियान जोरों से चल रहा है।

## कार्यकारिणी की बैठक में पेश होगा निगम का पूरक बजट

**गाजियाबाद।** नगर निगम कार्यकारिणी की होने वाली बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के लिए पूरक बजट पेश होने जा रहा है। इसके लिए निगम के एकाउंट विभाग ने डेटा तैयार कर प्रस्ताव भेजा है। कार्यकारिणी की बैठक कल सुबह 11 बजे से शुरू होगी।

बैठक में सबसे पहले पूरक प्रस्ताव का अजेंडा पेश किया जाएगा। इसके लिए ही नगर निगम प्रशासन की ओर से पेश किया गया एजेंडा तैयार सदस्यों के पास भेजा गया है। कार्यकारिणी की यह बैठक नए सदन के गठन होने के बाद से तीसरी बार होने जा रही है। इससे पहले दो बार कार्यकारिणी की बैठक हुई है। जिसमें काफी हंगामा हुआ था। इस बार भी कार्यकारिणी की बैठक में काफी हंगामा होने के आसार पैदा हो गए है। बैठक की अध्यक्षता मेयर सुनीता दयाल करेंगी। इनके अलावा नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक आदि अधिकारी भी सदन में पेश होंगे।

सूत्रों का कहना है कि कार्यकारिणी की बैठक में स्पैरो, लाइट विभाग और कंप्यूटर ऑपरेटर्स को लेकर पकड़े गए प्रकरण भी उठ सकता है। शहर में साफ सफाई को लेकर भी हंगामा होने के आसार है। कार्यकारिणी में अतिरिक्त प्रस्ताव पेश करने की जानकारी नहीं है।

# 1130 लाइट खराब, फिर भी उजाले में मनेगी दिवाली!

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दीवाली से पहले शहर में उजाला करने का निगम दावा कर रहा है। प्रत्येक वार्ड में पहले फेज में मात्र दस दस लाइट दी जा रही है। यह तब है जबकि अकेले सिटी जोन में ही 1130 लाइट खराब है। इनके अलावा 648 पोल ऐसे है जहां स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है। यह डेटा केवल नगर निगम की कविनगर जोन का है।

हालांकि अभी विजयनगर, सिटी, मोहननगर और वसुंधरा जोन में कितनी स्ट्रीट लाइट खराब है अभी उसका डेटा निगम की ओर से रिलीज नहीं हो पाया है। निगम में प्रकाश प्रभारी एवं सहायक अभियंता आस कुमार का कहना है कि सभी जोन में मिलाकर कुल 100 वार्ड है। प्रत्येक वार्ड में दस नई स्ट्रीट लाइट दी जा रही है। नगर निगम कुल मिलाकर करीब पांच हजार नई स्ट्रीट लाइट की खरीद कर रहा है। इसमें से एक हजार लाइट की सप्लाई निगम को मिल गई है। बाकी चार हजार स्ट्रीट लाइट की सप्लाई और मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही शहर में खराब लाइट की सप्लाई का कार्य तेज हो जाएगा।

### एक्शन पर हुआ सीवर समस्या का निस्तारण

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा शहर की सीवर समस्या को लेकर वबाग कंपनी के प्रतिनिधित्व मंडल से कई बार बैठक की गई। जिसमें नगर आयुक्त द्वारा वबाग कंपनी को कार्य शैली में बदलाव लाने के लिए कहा गया था। अब वबाग कंपनी सिवर संबंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए कार्य प्रणाली में सुधार किया गया है। मेसर्स वी ए टेक वबाग ने गाजियाबाद के लिए एक विशेष हेल्पलाइन नंबर 1800.202.1279 शुरू किया है।

# सुपरटेक इको विलेज वन की लिफ्ट में फंसा युवक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


लिफ्ट में फंसे युवक को निकालते हुए सुरक्षा गार्ड।

ग्रेटर नोएडा में एक बार फिर बहुमंजिला इमारत में लिफ्ट अटकने का मामला सामने आया है। बिसरख थाना क्षेत्र के सुपरटेक इको विलेज वन सोसाइटी के ।1 टावर में अचानक से लिफ्ट रुक गई। उसमें एक व्यक्ति अपना सामान लेकर ऊपर की फ्लोर पर जा रहा था। करीब आधे घंटे तक यह लिफ्ट ऐसे ही अटकी रही। कड़ी मशक्कत के बाद उस युवक को लिफ्ट से बाहर निकाल गया। बिसरख थाना क्षेत्र के सुपरटेक इको विलेज वन सोसाइटी में लिफ्ट अटकने का मामला सामने आया है। दरअसल रविवार रात को सोसाइटी में रहने वाला एक युवक अपना सामान लेकर लिफ्ट से ऊपर की फ्लोर पर जा रहे थे। अचानक से लिफ्ट में झटका लगा और उसके बाद लिफ्ट दो फ्लोर के बीच में अटक गई। लिफ्ट रुकने की वजह से लिफ्ट में सवार युवक अचानक से घबरा गया। इसके बाद उसने इमरजेंसी अलार्म को कई बार दबाया लेकिन उसने किसी तरह का काम नहीं किया। इसके बाद इंटरकॉम से फोन करने की भी कोशिश की लेकिन लिफ्ट के अंदर उसने भी काम नहीं किया। युवक काफी देर तक चिल्लाता रहा और लिफ्ट को पीटता रहा।

# 50 लाख की स्मैक के साथ विदेशी युवक-युवती गिरफ्तार

● क्राइम ब्रांच की टीम ने हापुड़ चुंगी के पास से आरोपियों को पकड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर सत्यवीर सिंह की टीम ने कविनगर एसएचओ योगेंद्र सिंह मलिक की टीम के सहयोग से विदेशी मूल की महिला तस्कर व उसके साथी युवक को हापुड़ चुंगी के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये विदेशी युवक.युवती के पास से लगभग 50 लाख रुपये कीमत की स्मैक व अन्य सामान बरामद हुआ।

इस संदर्भ पुलिस सूत्रों का कहना है कि मादक पदार्थों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तस्करी करने वाले तस्करों का नाम इन्नोसेंट पुत्र यूनेजुराइक निवासी आईएमओ स्टेट ओवेरे नाइजीरिया हाल पता विकासपुरी के अलावा नीमा सेबिस्टिआन निक्कूनग्लो पुत्री सेबिस्टिआन निवासी डारएससलाम तंजानिया इस्ट अफ्रीका हाल निवासी चंदर विहार हैं। यह गैंग विदेशों से स्मैक व हेरोइन जैसे मादक पदार्थों की तस्करी करता रहा है।

# 24 घंटे में सात लोगों ने की आत्महत्या

● नोएडा की हाइटेक सिटी में मानसिक तनाव चरम पर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



हाइटेक सिटी में रहने वाले लोग बढ़ते वायु प्रदूषण और बेरोजगारी के चलते मानसिक तनाव में है। यहां पर रहने वाले 7 लोगों ने बीते 24 घंटे के अंदर मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या कर ली। पुलिस मामलों की जांच कर रही है। थाना फेस. तीन क्षेत्र में रहने वाली कुमारी सिमरन पुत्री नवाब सैफी उम्र 16 वर्ष निवासी ग्राम मामूरा ने बीती रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सदरपुर कॉलोनी में रहने वाले दीपक उर्फहरिपाल उम्र 21 वर्ष नामक युवक ने बीती रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना सेक्टर 113 क्षेत्र में रहने वाले मोहित ने सेक्टर 120 स्थित एक फ्लैट में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

थाना फेस दो क्षेत्र में रहने वाले प्रिंस ने मानसिक तनाव के चलते फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना सेक्टर 39 क्षेत्र में रहने वाली अंबिका ने मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या कर ली। थाना बिसरख क्षेत्र में रहने वाले सूरजपाल ने मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या कर ली। विकास तिवारी ने फ्लैट से कूद कर आत्महत्या कर ली। थाना बीटा. दो क्षेत्र में रहने वाले भावेश देवनाथ उम्र 57 वर्ष की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई।

# 22 कुंतल मिलावटी मावा नष्ट तीन भट्टियों को किया सील

● क्राइम ब्रांच की टीम ने हापुड़ चुंगी के पास से किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मोदीनगर में दीपावली पर इस्तेमाल करने के लिए गांव कलछीना में बनाए जा रहे मिलावटी मावे के खिलाफ पुलिस ने खाद्य विभाग की टीम के साथ मिलकर बड़ी कार्रवाई की है। गांव कलछीना में पुलिस ने तीन भट्टिया सील कर 22 कुंतल मिलावटी मावा नष्ट कराया है।

पुलिस की इस कार्रवाई के बाद हड़कंप मचा हुआ है। यह कार्रवाई भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव कलछीना में हुई। पुलिस की मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की थी। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कलछीना गांव में बड़ी मात्रा में मिलावटी मावा तैयार किया जा रहा है। इस पर एसीपी टीम के साथ देर रात कलछीना पहुंचे।

सबसे पहले यामीन के यहां पहुंचे। यहां काफी गंदगी थी। पीछे भट्टी में मावा तैयार किया जा रहा था। यहां दुर्गंध फैली थी। सूचना देकर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने जांच की तो प्रथम दृष्टया मावा मिलावटी प्रतीत हुआ। यामीन ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि मावे को मिल्क पाउडर से तैयार किया जा रहा था। चूंकि मावे में चिकनाई होती है।

### जांच में एक कुंतल विस्फोटक बरामद

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना लोनी पुलिस ने चेकिंग के दौरान अशोक विहार निवासी सईद तिलगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के पास यह सूचना थी कि सईद मोटे स्तर पर अवैध आतिशबाजी और पटाखों का काम करता है। सईद को लेकर पुलिस ने जब उसके अड्डे पर छापा मारा तो पुलिस हैरान रह गई। पुलिस को एक कुंतल से अधिक विस्फोटक सामग्री 310 डिब्बे जिन में पटाखे बने हुए थे। एसीपी लोनी रजनीश उपाध्याय के मुताबिक सईद ने बताया है कि वह दीपावली, बर्थडे पार्टी शादी के लिए अवैध पटाखे बनाता था।

# प्रदूषण के जहर से बचाव को सड़क पर उतरी फायर बिग्रेड

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


नोएडा में सड़क पर पानी का छिड़काव करती गाड़ी।

नोएडा समेत पूरे एनसीआर में वायु प्रदूषण का कहर जारी है। हवा की गुणवत्ता का सूचांक यानि एक्यूआई 500 के खतरनाक स्तर को पार कर चुका है। ऐसे में नोएडवासियों को राहत देने का प्रयास करते हुए नोएडा की फायर बिग्रेड को सड़कों पर उतारा गया है। फायर बिग्रेड की एक दर्जन गाडियां सड़कों के किनारे पानी का छिड़काव करने में लगाई गई हैं। नोएडा की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर नोएडा के फायर बिग्रेड दस्ते को सड़कों पर तैनात किया गया। सोमवार को नोएडा के फायर बिग्रेड दस्ते ने शहर के धूल उड़ाने वाले 50 स्थानों को चिन्हित करके उन स्थानों पर पानी का छिड़काव किया। इस काम में फायर बिग्रेड की एक दर्जन यूनिट लगाई गई हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यदि जल छिड़काव का सकारात्मक असर हुआ तो मंगलवार को छिड़काव के लिए फायर बिग्रेड की अधिक गाडियां लगाई जाएंगी। वायु प्रदूषण से बचाव के लिए किए जा रहे जल छिड़काव को ऊंट के मुंह में जीरा करार दिया जा रहा है।

वायु प्रदूषण के कारकों की जानकारी रखने वाले विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय वायु प्रदूषण की जो स्थिति है उसमें जल छिड़काव का तुरंत कोई फायदा होने वाला नहीं है।

### एसीएस ने लिया जायजा

वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए अपर मुख्य सचिव पर्यावरण मनोज सिंह ने नोएडा. ग्रेटर नोएडा के अलग.अलग जगहों का दौरा किया। सभी संबंधित विभागों के साथ बैठक कर प्रदूषण रोकने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

### कार का हूटर बजाकर युवकों का हुड़दंग

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव कलछीना में कार के शीशे से निकलकर हूटर बजाकर हुड़दंग मचाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

किसी ने इस वीडियो को एक्स पर ट्वीट कर पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कुछ युवक कार के शीशे से बाहर निकले रहे और जोर जोर से शोर मचा रहे है और तेज आवाज में गाने भी बज रहे है। तीस सैंकेड के वीडियो में कार तेज गति से दौड रही है।

# 36 दिन में चौथी बार हिली नोएडा की धरती

● मचा हड़कंप, रियएक्टर स्केल पर 5.6 मापी गई तीव्रता

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

36 दिन में चौथी बार दिल्ली एनसीआर में भूकम्प के झटके महसूस किए गए। वहीं 3 दिन में दूसरी बार भूकम्प के तेज झटके लगे है। भूकम्प आने की जानकारी मिलते ही सड़कों पर भीड़ इकट्ठा हो गई।

बता दें कि दो दिन पहले नेपाल में 6.4 तीव्रता के भूकम्प से भारी तबाही देखने के लिए मिली थी। इसके झटके उसी समय भारत में भी महसूस किए गए थे। तीसरे दिन से आज दूसरी बार जब भूकम्प के तेज झटके महसूस हुए तो लोग अपने ऊंची ऊंची इमारत से उतर कर नीचे ग्राउंड पर आ गए। भूकम्प की तीव्रता रैक्टर स्केल पर 5.6 मापी गई। ये भूकम्प शाम 4;16 मिनट पर आया था। भूकम्प का केंद्र नेपाल में था।

**नोएडा हुआ केंद्र तो आ सकती है तबाही :** प्राधिकरण के नियोजन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि नोएडा में भले ही बनी हुई इमारत या परियोजनाएं सात से लेकर आठ रैक्टर स्केल का झटका झेल सकती है। लेकिन यदि भूकम्प का केंद्र नोएडा या दिल्ली एनसीआर में रहता है और उसकी क्षमता 6 से ज्यादा रहती है। तो वाइब्रेशन के कारण यहां भारी नुकसान हो सकता है। साथ ही इमारतों में दरार भी आ सकती है।

### बैंक में जमा किए गए चेक का हुआ भुगतान

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में दिल्ली–मेरठ मार्ग स्थित एक बैंक में जमा किया चेक का भुगतान किसी अन्य के खाते में जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने बैंक कर्मचारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए मोदीनगर थाने में तहरीर दी है।

नंदनगरी निवासी बिजेन्द्र सिंह मोदीनगर तहसील में ई स्टांप विक्रेता है। उन्होंने बताया कि 17 अक्टूबर को नोएडा के व्यक्ति ने 2.42 लाख रुपए का ई.स्टॉप लिया था। इसके बाद उन्होंने मुझे एक चेक दिया। चेक को खाते में जमा कराया था। बिजेन्द्र सिंह को चैक दिया उन्होंने बताया कि मेरे खाते से चेक क्लीयर हो चुका है।

# शिक्षिका से कार लूटने वाले बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

शिक्षिका से कार लूटने वाले बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार बंथला से चिरौड़ी नहर की पटरी पर मुठभेड़ के दौरान सकलपुरा निवासी दिपांशु पुलिस की गोली से घायल हो गया वहीं उसके कई साथी फरार हो गये। मुठभेड़ के बाद कांबिंग करके पुलिस ने घायल बदमाश के कई और साथियों को भी गिरफ्तार किया। पकड़े गये लुटेरे व उसके साथियों के पास से लूट की बाइक व तमंचों के अलावा सामान बरामद हुआ।

दिल्ली एनसीआर में शिक्षिका समेत कई अन्य के साथ हुई लूट की वारदातों के खुलासे की बात भी कमिश्नरेट पुलिस ने कही। इस मुठभेड़ के संदर्भ में डीसीपी रूरल विवेकचंद्र यादव ने बताया कि कुछ समय पूर्व इस गैंग ने महमूदपुर गांव के प्राइमरी स्कूल में पढ़ाने वाली शिक्षिका की इमेज कार गन प्वाइंट पर लूट ली थी।

# एम्बुलेंस में टीम ने कराया सुरक्षित प्रसव

● मां ने दिया स्वस्थ बेटी को जन्म, दोनों स्वस्थ, अस्पताल में इलाज जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


एम्बुलेंस मे सुरक्षित प्रसव के बाद नवजात को हाथ में लिए टीम के सदस्य।

प्रसव पीड़ा महिला की अस्पताल पहुंचने से पहले 108 नंबर एम्बुलेंस में डिलीवरी हो गई। उसने बेटी को जन्म दिया। बेटी और मां दोनों स्वस्थ्य है। दोनों को सेक्टर.39 स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की टीम मां और बेटी की देखरेख कर रही है। महिला के पति ने एम्बुलेंस टीम की सराहना की।

सेक्टर.58 के गांव बिशनपुरा की रहने वाली सपना को प्रसव पीड़ा हुई। महिला के पति मजदूर संजय ने एम्बुलेंस को कॉल किया। एम्बुलेंस चालक तत्काल दिए गए पते पर पहुंचा। अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही महिला को प्रसव पीड़ा तेज हो गई। एम्बुलेंस में मौजूद इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन ईएमटी अवधेश कुमार ने रास्ते में ही महिला की डिलीवरी कराने का निर्णय लिया। इस पर महिला का पति भी राजी हो गया। एम्बुलेंस स्टाफ ने महिला की डिलीवरी कराई। इसके बाद दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला और बच्चा दोनों बिल्कुल स्वस्थ्य है। उन्होंने बताया कि प्रसव पीड़ा इतनी तेज थी कि यदि तुरंत निर्णय नहीं लिया जाता दोनों की जान को खतरा हो सकता था। उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस में डिलीवरी कराने से लेकर सभी सुविधाएं रहती है। इसलिए डिलीवरी के बाद आराम से दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

---

**पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

कार्पोरेट पहचान संख्या : एल65929डीएल1947पीएलसी001240
पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9–10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली–110002
फोन : 7303495375, ई–मेल : pnbfinanceindustries@gmail.com,
वेबसाइट : www.pnbfinanceandindustries.com

**30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रू. लाख में सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30 सितम्बर, 2023 अलेखापरीक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30 सितम्बर, 2023 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30 सितम्बर, 2022 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2023 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 592.40 | 686.11 | 534.44 | 1,126.96 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 519.12 | 466.72 | 475.37 | 793.20 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 519.12 | 466.72 | (16.41) | 301.42 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 442.00 | 389.33 | (95.24) | 179.39 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | (3,835.50) | (1,020.90) | 17,650.51 | 21,815.33 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10 प्रति शेयर) | 320.00 | 320.00 | 320.00 | 320.00 |
| 7 | अन्य इक्विटी (वर्ष के अन्त में) | | | | 2,65,249.34 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर रू. 10/–प्रत्येक (क) मूल (रू. में) | 13.82 | 12.17 | (2.98) | 5.61 |
| | (ख) तनुकृत (रू. में) | 13.82 | 12.17 | (2.98) | 5.61 |

नोट्स :

1. उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित तथा निदेशक मंडल द्वारा 06 नवम्बर, 2023 को आयोजित इसकी बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए तिमाही और अर्द्ध वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। कम्पनी के उपरोक्त वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा 06 नवम्बर, 2023 को कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को भी भेजा गया है।
3. 30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु अलेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों के प्रमुख आंकड़े निम्नानुसार हैं :–

(रू. लाख में सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| विवरण | तिमाही समाप्त 30 सितम्बर, 2023 अलेखापरीक्षित | अर्द्ध वर्ष समाप्त 30 सितम्बर, 2023 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30 सितम्बर, 2022 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2023 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|
| परिचालन से कुल आय | 576.09 | 665.76 | 494.29 | 1,065.60 |
| अवधि हेतु कर से पहले शुद्ध लाभ/(हानि) | 503.75 | 448.59 | 416.63 | 716.43 |
| अवधि हेतु कर पश्चात शुद्ध लाभ/(हानि) | 428.98 | 374.03 | 343.98 | 603.13 |
| अवधि हेतु कुल समावेशी आय | -3,107.44 | -936.86 | 8,957.41 | 12,553.19 |

4. संगत तिमाही के आंकड़े, जहां आवश्यक है, वर्तमान तिमाही की प्रस्तुति/वर्गीकरण के अनुरूप बनाने के लिए पुनर्समूहित/पुनर्वर्गीकृत किए गए हैं।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
वास्ते पीएनबी फाइनैंस ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./–
श्वेता सक्सेना
निदेशक एवं कम्पनी सचिव
डीआईएन : 03120958/सदस्यता सं. : ए 18585

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकित : 06 नवम्बर, 2023

---

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क, रेस कोर्स सर्किल, वडोदरा–390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई), मुम्बई–400051
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., सी–1, 19वां तल, वर्ल्ड ट्रेड टावर, सेक्टर–16, उत्तर प्रदेश–201301

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके द्वारा बैंक को उपलब्ध कराए गए, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथा कि उसके अतिरिक्त, यहां नीचे वर्णित उक्त कर्जदारों की सूचना के प्रयोजनार्थ, उक्त कर्जदारों को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रवर्तित की जाने वाली प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | LVDEL00042722481/ग्रीनबॉक्सलॉजिस्टिक्स एलएलपी/क्यूब सर्विसेज प्रा. लि./पाकेट–12, जासोला/नई दिल्ली/दिल्ली–110025 | एलपीटी 1112/चेसिस बीएस6/एलपीटी 1112/केए53एए2746 | 09–08–2023 रू. 11,53,686/– | 17–04–2023 |
| 2. | LVDEL00042722520/ग्रीनबॉक्सलॉजिस्टिक्स एलएलपी/क्यूब सर्विसेज प्रा. लि./पाकेट–12, जासोला/नई दिल्ली/दिल्ली–110025 | एलपीटी 1112/चेसिस बीएस6/एलपीटी 1112/केए53एए2747 | 09–08–2023 रू. 11,53,812/– | 17–04–2023 |
| 3. | LVDEL00042722599/ग्रीनबॉक्सलॉजिस्टिक्स एलएलपी/क्यूब सर्विसेज प्रा. लि./पाकेट–12, जासोला/नई दिल्ली/दिल्ली–110025 | अल्ट्रा 1918/अल्ट्रा 1918 एफबीवी/ अल्ट्रा 1918 एफबीवी/केए53एए2750 | 09–08–2023 रू. 15,40,740/– | 17–04–2023 |
| 4. | LVDEL00042722611/ग्रीनबॉक्सलॉजिस्टिक्स एलएलपी/क्यूब सर्विसेज प्रा. लि./पाकेट–12, जासोला/नई दिल्ली/दिल्ली–110025 | अल्ट्रा 1918/अल्ट्रा 1918 एफबीवी/अल्ट्रा 1918 एफबीवी/केए53एए2751 | 09–08–2023 रू. 15,87,299/– | 17–04–2023 |
| 5. | LVDEL00044877054/गतीक्स प्रेस कार्गो प्राइवेट लिमिटेड/विकी मेहता/भू तल, ए 53 डीडीए शेड ओखला/इंडस्ट्रियल एरिया फेज–2/नई दिल्ली साउथ दिल्ली/दिल्ली–110020 | पीआरओ 2114एक्सपी/चेसिस बीएस6/पीआरओ 2114एक्सपी/एचआर38एसी2022 | 09–08–2023 रू. 18,94,658/– | 02–05–2023 |
| 6. | LVDEL00046130370/गतीक्स प्रेस कार्गो प्राइवेट लिमिटेड/इंद्रजीत झा/भू तल, ए 53 डीडीए शेड ओखला/इंडस्ट्रियल एरिया फेज–2/नई दिल्ली साउथ दिल्ली/दिल्ली–110020 | पीआरओ 2114एक्सपी/चेसिस बीएस6/पीआरओ 2114एक्सपी/एमएच04एलई1783 | 09–08–2023 रू. 21,78,234/– | 02–05–2023 |

उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान 13(2) के तहत सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें असफल रहने पर 13(2) के तहत सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिन के बाद वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 07–11–2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

